दिनांक: 04.07.2019

प्रेस प्रकाशनी

दिनांक 07.07.2019 (रविवार) को आयोजित होने वाली केंद्रीय अध्यापक पात्रता परीक्षा, जुलाई-2019 (सीटीईटी जुलाई-2019) के लिए प्रवेश पत्र दिनांक 21.06.2019 से निम्नलिखित वेबसाइट पर डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध हैं- https: //ctet.nic.in/CMS/public/home.aspx

सीटीईटी जुलाई-2019 प्रवेश पत्र डाउनलोड करने हेतु निर्देश:

1. अपना सीटीईटी जुलाई -2019 प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए, उम्मीदवारों को नीचे दिए गए लिंक पर जाना होगा।
   https://ctet.nic.in/CMS/public/home.aspx
2. लिंक पर जाने के बाद उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए DOWNLOAD ADMIT CARD पर क्लिक करना होगा।
3. उम्मीदवारों को अपने निम्नलिखित प्रत्यायक/विवरण देने होंगे-
   - आवेदन संख्या
   - जन्म तिथि - ड्रॉप डाउन द्वारा
   - सुरक्षा पिन दर्ज करें
   - "साइन इन" टैब पर क्लिक करना होगा
4. अपने वैध विवरण प्रदान करने के बाद उम्मीदवार अपने सीटीईटी जुलाई -2019 प्रवेश पत्र को डाउनलोड कर सकेंगे।

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपना प्रवेश पत्र जल्द से जल्द डाउनलोड कर लें और उन्हें परीक्षा केंद्र पर भी समय से पहले/समय पर पहुंचने का सुझाव दिया जाता है, क्योंकि वहां पूर्व-परीक्षा औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी और साथ-साथ वे परीक्षा की तिथि से एक दिन पहले ही निर्धारित परीक्षा केंद्रों का दौरा कर लें ताकि स्थान, दूरी, परिवहन माध्यमों आदि की पुष्टि हो जाए।

(अनुराग त्रिपाठी)
सचिव, सीबीएसई और
निदेशक (सीटीईटी)